Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding bringing Mathura into Delhi-NCR region.

श्रीमती हेमामालिनी (मथुरा): बहुत-बहुत धन्यवाद।

Sir, my matter is regarding including Mathura within the Delhi NCR. I am very thankful to the Uttar Pradesh Government for taking several initiatives to develop Mathura as an international tourist destination.

मेरा संसदीय क्षेत्र एक इंटरनेशनल रिलिजियस टूरिस्ट सेन्टर है, यह सब जानते हैं। यहां पर देश-विदेश से कई लोग आते हैं। खास तौर पर, फॉरेन टूरिस्ट्स आते हैं और इस्कॉन के बहुत सारे डिवोटीज़ मन्दिर का दर्शन करने के लिए, चौरासी कोस परिक्रमा, गोवर्द्धन परिक्रमा और वृंदावन परिक्रमा के लिए आते हैं। लेकिन, फॉरेन टूरिस्ट्स के लिए यहां पर सही फैसिलिटीज़ नहीं हैं। यहां अंडर डेवलप्ड इंफ्रास्ट्रक्चर है, फैसिलिटेशन सेन्टर नहीं है। यहां सेफ्टी और हाइजीन बहुत कम है, जिसकी वजह से लोग यहां आने में जरा झिझकते हैं।

मैं चाहती हूं कि मथुरा को दिल्ली एन.सी.आर. में शामिल किया जाए, ताकि मथुरा का बहुत सारा डेवलपमेंट हो। इसके विषय में मैंने हमारे सी.एम. योगी जी से भी कहा है। उन्होंने भी इस विषय को केन्द्र सरकार के पास भेजा है। मेरा सिर्फ यही निवेदन है कि इसे दिल्ली एन.सी.आर. में ले लिया जाए। इससे मथुरा का बहुत सारा डेवलपमेंट होगा, यही मेरा निवेदन है।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और*m04 श्री कुलदीप राय शर्मा को श्रीमती हेमामालिनी के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।